अमेठी में बनेगी एके-203, पांच हजार करोड़ का सौदा

नई दिल्ली, एएनआइ : रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की संभावित यात्रा से पहले रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को रूस के साथ 5,000 करोड़ रुपये के एके-203 असाल्ट राइफल के निर्माण के सौदे को मंजूरी दे दी। शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए पुतिन छह दिसंबर को एक दिवसीय भारत यात्रा पर आ सकते हैं।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस सौदे पर पुतिन की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किया जा सकता है। मंगलवार को रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। इस सौदे के तहत 7.5 लाख रूसी असाल्ट राइफल एके-203 का निर्माण अमेठी की फैक्ट्री में किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के प्रमुख मुद्दे का भी समाधान कर लिया गया है। भारतीय थल सेना ये सभी 7.5 लाख राइफलें खरीदेगी। पहले की 70,000 राइफलों का निर्माण रूसी साजो-सामान से किया जाएगा, क्योंकि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में समय लगेगा। निर्माण प्रक्रिया शुरू होने के 32 महीने बाद सेना को ये राइफलें मिलेंगी।

7.5

लाख रूसी असाल्ट राइफलों का निर्माण होगा अमेठी की फैक्ट्री में

वायु सेना के लिए 2,236 करोड़ के सौदे को भी मंजूरी

समाचार एजेंसी प्रेट्र की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डीएसी की बैठक में वायु सेना के लिए 2,236 करोड़ रुपये के जीसैट-7सी सैटेलाइट और संबंधित उपकरणों की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इस सौदे का मकसद वायु सेना के संचार नेटवर्क को मजबूत बनाना है। यह प्रस्ताव साफ्टवेयर-डिफाइन रेडियो (एसडीआर) की रीयल-टाइम कनेक्टिविटी के लिए जीसैट-7सी उपग्रह और ग्राउंड हब की खरीद के लिए है।

CS Scanned with CamScanner